


# फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,सोमवार,22,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


## पीएम मोदी आज अरुणाचल और त्रिपुरा के दौरे पर,5100 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का देंगे तोहफा

पीएम मोदी अपने दौरे के दौरान मोदी तवांग में 145.37 करोड़ रुपये की लागत से पीएम-डेवाइन योजना के तहत बनाए गए एक कन्वेंशन सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे। 1,500 से अधिक लोगों को समायोजित करने की क्षमता वाला यह कन्वेंशन सेंटर वैश्विक मानकों को पूरा करेगा और इस क्षेत्र में पर्यटन और सांस्कृतिक संभावनाओं को बढ़ावा देगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर रहेंगे। वह ईटानगर में 5100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह त्रिपुरा में पूजा अर्चना कर माताबाड़ी में माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर के



विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे।अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी सोमवार सुबह करीब 9 बजे होलोंगी के डोनी पोलो हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से ईटानगर के राजभवन जाएंगे। इसके बाद वह इंदिरा गांधी पार्क जाएंगे, जहां वह विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे और एक रैली को संबोधित करेंगे। विशाल जलविद्युत क्षमता का उपयोग करने और निरन्तर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं तातो-1 और हेओ जलविद्युत परियोजनाओं

## IND vs PAK

### शाहीन-रऊफ के साथ हुए विवाद पर बोले अभिषेक शर्मा, ट्वीट कर दिया करारा जवाब



भारतीय सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत कर विपक्षी टीम पर दबाव बना दिया था, जिसे पाकिस्तान के खिलाड़ी कतई बरदाश्त नहीं कर सके और मैदान पर ही उलझ गए। अब इस पूरे मामले पर बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक का बयान आया है।भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का सुपर-4 मुकाबला भी विवादों से घिरा रहा। मैच के दौरान शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ से बहस हुई। दरअसल, भारतीय सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत कर विपक्षी टीम पर दबाव बना दिया था, जिसे पाकिस्तान के खिलाड़ी कतई बरदाश्त नहीं कर सके और मैदान पर ही उलझ गए। अब इस पूरे मामले पर बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक का बयान आया है।

## सीएजी रिपोर्ट

### राज्यों का वेतन-पेंशन और ब्याज खर्च 10 साल में ढाई गुना से ज्यादा बढ़ा, अब 15.63 लाख करोड़




रिपोर्ट में कहा गया कि राज्यों का ज्यादातर पैसा तय खर्चों (वेतन, पेंशन और कर्ज पर ब्याज) में चला जाता है। पिछले 10 साल (2013-14 से 2022-23) में राज्यों का राजस्व खर्च उनके कुल खर्च का 80 से 87 प्रतिशत रहा। जीएसडीपी के मुकाबले यह 13-15 प्रतिशत तक बैठता है।नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि राज्यों ने वेतन, पेंशन और ब्याज चुकाने पर होने वाला खर्च पिछले 10 साल में ढाई गुना से ज्यादा बढ़ा लिया है। साल 2013-14 में यह खर्च 6.26 लाख करोड़ रुपये था, जो 2022-23 में बढ़कर 15.63 लाख करोड़ हो गया।रिपोर्ट में कहा गया कि राज्यों का ज्यादातर पैसा तय खर्चों (वेतन, पेंशन और कर्ज पर ब्याज) में चला जाता है। पिछले 10 साल (2013-14 से 2022-23) में राज्यों का राजस्व खर्च उनके कुल खर्च का 80 से 87 प्रतिशत रहा। जीएसडीपी के मुकाबले यह 13-15 प्रतिशत तक बैठता है। वित्त वर्ष 2022-23 में राज्यों का कुल राजस्व खर्च 35.95 लाख करोड़ रुपये था। इसमें से 15.63 लाख करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और ब्याज जैसे तय खर्चों पर गए। इसके अलावा 3.09

## कर्नाटक जाति जनगणना

### कर्नाटक में जाति जनगणना आज से शुरू, कुछ जातियों की सूची पर विवाद जारी



कर्नाटक में आज से सामाजिक और शैक्षिक सर्वेक्षण शुरू होने जा रहा है। इसे आमतौर पर 'जाति जनगणना' कहा जाता है। हालांकि, प्रशिक्षण और तैयारी के चलते ग्रेटर बंगलूरू क्षेत्र में एक-दो दिन की देरी हो सकती है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग यह सर्वेक्षण करेगा। इसमें करीब 1.75 लाख लोग काम करेंगे, जिनमें ज्यादातर सरकारी स्कूल के शिक्षक होंगे। ये लोग करीब सात करोड़ लोगों की जानकारी एकत्र करेंगे। यह काम पूरे राज्य के करीब दो करोड़ घरों में किया जाएगा और प्रक्रिया सात अक्तूबर तक चलेगी। सरकार ने बताया कि करीब 420 करोड़ रुपये की लागत से वैज्ञानिक तरीके से यह जाति जनगणना की जाएगी। इसके लिए 60 सवालों वाली एक प्रश्नावली तैयार की गई है। हालांकि, जातियों की सूची को लेकर कुछ आलोचनाएं और आपत्तियां आई हैं, खासकर कांग्रेस पार्टी के अंदर से। सूची में कुछ जातियां ऐसी हैं, जिनकी दोहरी पहचान है, जैसे कुरुबा क्रिश्चियन, ब्राह्मण क्रिश्चियन, वोक्कालिगा क्रिश्चियन आदि।

## सीएम स्टालिन बोले- मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगी DMK



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाजपा और एआईएडीएमके पर हमला करते हुए कहा कि डीएमके हमेशा मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगी। उन्होंने वक्फ कानून संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत का श्रेय डीएमके की कानूनी लड़ाई को दिया। साथ ही सीएए और ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दे को लेकर भाजपा-एआईएडीएमके पर भी जुबानी हमला बोला।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन ने भाजपा और एआईएडीएमके पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने साफ कहा कि डीएमके हमेशा मुस्लिम समुदाय के अधिकारों की रक्षा करेगी और उनके लिए नए अधिकार सुनिश्चित करने में सबसे आगे खड़ी रहेगी। स्टालिन ने भाजपा पर वक्फ कानून संशोधन को लेकर निशाना साधा और कहा कि सुप्रीम कोर्ट से स्टे केवल डीएमके और अन्य दलों की कानूनी लड़ाई के कारण मिला।मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लाया गया वक्फ संशोधन मुस्लिमों के खिलाफ साजिश थी। उन्होंने कहा कि डीएमके की पहल से ही सुप्रीम कोर्ट ने इसके विवादित प्रावधानों पर रोक लगाई। स्टालिन ने एआईएडीएमके पर आरोप लगाया कि उसने भाजपा के साथ मिलकर मुस्लिमों के हितों के साथ धोखा किया।स्टालिन ने एआईएडीएमके पर नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और ट्रिपल तलाक मुद्दे पर मुस्लिमों से विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सीएए विरोध के दौरान मुस्लिमों पर लाठीचार्ज एआईएडीएमके शासन में हुआ। यही कारण था कि अनवर राजा जैसे नेता एआईएडीएमके छोड़कर डीएमके में शामिल हुए।स्टालिन ने कहा कि डीएमके शासन में मुस्लिमों के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। इनमें पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 3.5% आंतरिक आरक्षण, उर्दू बोलने वाले मुस्लिमों को बीसी सूची में शामिल करना, अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड की स्थापना, उर्दू अकादमी और चेन्नई एयरपोर्ट के पास बन रहा हज हाउस शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि पैगंबर मोहम्मद पर पाठ्यक्रम की सामग्री पहले ही स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल की जा चुकी है।स्टालिन ने आगे कहा कि डीएमके संस्थापक सीएन अन्नादुरई

# Aaj Ka Rashifal 22 September

## मकर और कुंभ समेत इन पांच राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, पढ़ें दैनिक राशिफल

22 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 22 सितंबर 2025 का राशिफल आज शारदीय नवरात्रि का पहला दिन है।आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर आज माता रानी घर-घर वास करेंगी




### मेष

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को लागू कर सकते हैं, लेकिन उसके साथ आप अपने पार्टनर से बातचीत अवश्य करें। जीवनसाथी के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा दूरी बनाकर रखनी होगी, नहीं तो वह आपको किसी गलत काम में फंसाने की कोशिश करेंगे। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी दूसरे की मदद के लिए आगे आएंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको अपने किसी काम को लेकर लापरवाही नहीं करनी है, नहीं तो उसके बिगड़ने की संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में यदि किसी बात को लेकर तनाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपकी कुछ अपरिचित लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपकी अत्यधिक लाभ के चक्कर में कोई जोखिम भरा काम करने से बचना होगा। आप यदि किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलेंगे, तो उससे आपको खुशी होगी। आपकी सेहत को लेकर आप थोड़ा एतियात बरतें और कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक काम मिल सकता है, जिससे आपको खुशी होगी। आपका कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने घरेलू कामों को भी समय से निपटाने की कोशिश करें।

### कर्क

आज का दिन रोजगार को लेकर परेशान चल रहा है लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा। आपकी आर्थिक योजनाएं बेहतर रहेंगी। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी भी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें, नहीं तो वह आपके कामों को बिगड़ने की कोशिश कर सकता है। संतान के मनमाने व्यवहार से आज आपको थोड़ी टेंशन रहेगी।

### सिंह

आज आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहना होगा। ऑफिस में आपके सहकर्मी आपके बॉस से रिश्तों को खराब करने की कोशिश करेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपकी कोई मां की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आज आपकी कोई डील फाइनल होते-होते लटक सकती हैं। आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें परिजनों का आना जाना लगा रहेगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कारोबार में आपकी योजनाएं बेहतर लाभ देंगी और आपको कोई साइड इनकम भी मिलने की संभावना है। आप वाहनों का प्रयोग जल्दबाजी में ना करें, क्योंकि अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आज आपको अपने पिताजी की सेवा के लिए भी समय निकालना होगा और किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और किसी वाद विवाद में ना पड़ें।

### तुला

आज आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा लाभ मिलेगा। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। यदि परिवार में किसी सदस्य की सेहत संबंधित कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक ठीक होगी। आपकी संतान आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती है। आप अपने जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। घर परिवार में आप किसी नई लग्जरी चीजों की खरीदारी करने की सोचेंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अचानक धन लाभ होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके बॉस से आपके रिश्तों में कुछ कड़वाहट आ सकती है। आपके प्रमोशन को लेकर आगे बातचीत हो सकती है। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आप आगे आएंगे। आज आपकी राजनीति में छवि और निखरेगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए जल्दबाजी में कोई काम करने से बचने के लिए रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। भाई- बहनों से आपकी खूब पटेगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी मनोरंजन कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी के कहने में आकर कोई इंवेस्टमेंट करने से बचना होगा। आप अपने किसी कानूनी मामले को लेकर अनुभवी व्यक्तियों से बातचीत करें।

### मकर

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके विरोधी सतर्क रहेंगे, जिन्हें आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा और बिजनेस के कामों में आप कोई बदलाव थोड़ा सोच समझकर करें। आपको अपने किसी मित्र से धोखा मिल सकता है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। प्रॉपर्टी से जुड़ें किसी मामले में आपको अच्छा बेनिफिट मिलेगा। आप अपने कारोबार में भी कुछ नई योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपका दिमाग इनकम बढ़ाने में खूब चलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आ सकती हैं, जिसको लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों का लाभ मिलेगा। वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप यादगार पल व्यतीत करेंगे।

### मीन

आज आपकी रचनात्मक क्षमता बेहतर रहेगी और आप अपनी कला से लोगों को हैरान करेंगे। आप कोई निर्णय आज सोच समझकर लेंगे। संतान की पढ़ाई पर आप पूरा ध्यान देंगे। आप अपने रुके हुए कामों को भी निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिनको लेकर आप आलस्य बिल्कुल नहीं दिखाएंगे। यदि किसी से धन उधार लिया था, तो उसे भी उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आप अपने घर-परिवार में चल रही किसी समस्या को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

नवरात्रि पर देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। आज के दिन पूर्वाल्गुनी नक्षत्र के साथ शुभा योग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में आज के दिन कई राशि वालों के लिए दिन बहुत ही शुभ रहने वाला होगा। आइए जानते हैं सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

# कूड़े का पहाड़ बन रहा आफत

## गाजीपुर लैंडफिल हटाना बड़ी चुनौती, 2026 है सरकार का लक्ष्य, MCD की ऐसी है हालत



गाजीपुर लैंडफिल साइट पर 82 लाख मीट्रिक टन कचरे का निपटान धीमी गति से हो रहा है। जिससे दिल्ली सरकार का 2026 तक कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य मुश्किल लग रहा है। भलस्वा और ओखला में प्रगति बेहतर है। लेकिन गाजीपुर की ऊंचाई, घनत्व और संसाधनों की कमी इसे सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौती बनाए हुए हैं।एमसीडी की तमाम कोशिशों के बावजूद गाजीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट राजधानी की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्या बनी हुई है। राजधानी की भलस्वा व ओखला लैंडफिल साइट की तुलना में यहां से कचरा हटाने का कार्य काफी धीमा चल रहा है।ऐसे में अगले साल के अंत तक पूरी तरह कचरा हटना मुश्किल है। दिल्ली सरकार ने एमसीडी को अगले साल दिसंबर तक कूड़ा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं जबकि एमसीडी ने दिसबंर 2027 तक यहां से पूरी तरह कूड़ा हटाने का लक्ष्य रखा हुआ है। एमसीडी के अनुसार, जून 2022 के ड्रोन सर्वे के अनुसार गाजीपुर लैंडफिल साइट पर 85 लाख मीट्रिक टन कचरा जमा था। इसके बाद जुलाई 2022 से अगस्त 2025 तक 20 लाख मीट्रिक टन कचरा और गाद यहां डाली गई। तीन वर्षों से अधिक समय में एमसीडी केवल 23 लाख मीट्रिक टन कचरे की ही बायो-माइनिंग कर सकी है। नतीजा यह है कि आज भी यहां 82 लाख मीट्रिक टन कचरा पड़ा है।

यहां स्थिति इतनी गंभीर है कि दिल्ली सरकार के आदेश के तहत दिसंबर 2026 तक इसे पूरी तरह कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य मात्र कागजी साबित होता दिख रहा है। मौजूदा रफ्तार से अगले सवा साल में इतने बड़े कचरे के पहाड़े का निपटान कर पाना असंभव प्रतीत हो रहा है।गाजीपुर में दशकों से लगातार कचरा डाला जा रहा है। यहां ऊंचाई और घनत्व इतना बढ़ चुका है कि बायो-माइनिंग की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है। मशीनरी व संसाधनों की कमी और पर्याप्त निगरानी न होने से काम की गति बेहद सुस्त है। प्रदूषण, बदबू और जहरीली गैसों से स्थानीय लोगों का जीना मुहाल है। यही वजह है कि गाजीपुर आज भी दिल्ली की सबसे बड़ी कचरा समस्या बना हुआ है।

# UP: नर्स को निर्वस्त्र कर क्यों फेंका

## आरोपी डॉक्टर ने उगला राज, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से सामने आई मौत की वजह

बरेली में अस्पताल संचालक डॉक्टर ने नर्स के साथ निर्ममता की थी। इंजेक्शन लगाकर उसे बेहोश किया, फिर उसका चेहरा बिगाड़ने के लिए तेजाब डाला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से खौफनाक खुलासा हुआ है। जेल भेजे जाने से पहले पुलिस ने आरोपी डॉक्टर से पूछताछ भी की, जिसमें उसने नर्स को निर्वस्त्र कर फेंकने की वजह भी बताई।बरेली में अस्पताल संचालक के धोखे की शिकार हुई बदायूं की युवती ने इलाज के दौरान पांचवें दिन रविवार सुबह दम तोड़ दिया। प्रेम प्रसंग में फंसाने




और शादी की जिद पर युवती की हत्या की कोशिश करने के आरोपी अस्पताल संचालक डॉ. श्रीपाल को शनिवार शाम कोर्ट ने जेल भेज दिया। अब उसके खिलाफ दर्ज मामले में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। वहीं रविवार को युवती के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।बदायूं जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र की निवासी युवती कुछ साल पहले बरेली आई थी। परिजनों के अनुसार नर्सिंग का कोर्स करने के बाद वह बीसलपुर चौराहे पर अनंतरूप अस्पताल में काम करने लगी थी। अस्पताल संचालक डॉ. श्रीपाल पवन विहार कॉलोनी का रहने वाला है। उसने युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। जब श्रीपाल के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो श्रीपाल ने 28 अप्रैल को युवती से इस्तीफा दिलवा दिया। फिर संजयनगर में उसके साथ पति-पत्नी के रूप में किराये के मकान में रहने लगा।युवती को डॉ. श्रीपाल के शादीशुदा होने का पता लगा तो वह शादी करने पर अड़ गई। परिवार में कलह होने पर डॉक्टर ने युवती को रास्ते से हटाने की योजना बना ली। युवती ने 16 सितंबर को उसे पेट में दर्द की बात बताई तो वह कार से डोहरा रोड ले आया। ढोकला व बर्गर लेकर युवती को खिलवाया।

# नवरात्रि गीत

## प्यारा सजा है तेरा द्वार' से लेकर 'चलो बुलावा आया है' तक, नवरात्रि में सुनें माता के ये भजन



**Navratri Bhajans:** नवरात्रि के पर्व में माता की आराधना के लिए कई भजन ऐसे हैं, जो आपको हमेशा सुनने को मिल जाएंगे।आज यानी सोमवार से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो गए हैं। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के मौके पर देवी मां के भजन सुनने को मिलते हैं। जानते हैं माता के उन भजनों के बारे में जो आपको नवरात्रि के दौरान हर दिन सुनने को मिलेंगे।दिग्गज भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा की आवाज में ये गीत देवी मां के सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय गीतों में से एक है। इस भजन में माता के दरबार और उनकी भक्ति के बारे में बात की गई है।इस भजन को भी लखबीर सिंह लक्खा ने ही गाया है। भजन फिल्माया भी लक्खा पर ही गया है। यह भजन देवी मां के रंगीन चोले और भक्तों के प्रति उनके प्रेम को दर्शाता है। इस भजन को काफी पसंद किया जाता है।



राजेश खन्ना और शबाना आजमी की फिल्म 'अवतार' का ये गीत 'चलो बुलावा आया है' देवी मां के लोकप्रिय गीतों में से एक है। इस गीत को नरेंद्र चंचल, महेंद्र कपूर और आशा भोसले ने मिलकर गाया है। इस गीत को माता वैष्णो देवी की चढ़ाई के दौरान फिल्माया गया है।



साल 1980 में आई जितेंद्र और तल्लूरी रामेश्वरी की फिल्म 'आशा' का गीत 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिये' देवी मां के जागरणों व जगरातों में जरूर ही सुनने को मिलता है। नरेंद्र चंचल, मोहम्मद रफी की आवाज में ये गीत देवी मां की आराधना का लोकप्रिय गीत है।लखबिंदर सिंह लक्खा की इसी नाम की अल्बम का गीत 'तू मां शहंशाहों की शहंशाह' मन को सुकून देने वाला देवी मां का एक गीत है। इस गीत में एक भक्त की माता से अरदास और उनकी आराधना को दिखाया गया है। इस गाने की खासियत ये है कि इसमें उर्दू शब्दों का अधिक प्रयोग किया गया है।

## इन बॉलीवुड गानों के बिना अधूरा है नवरात्रि का पर्व,



Navratri Bollywood Songs: नवरात्रि का त्योहार आते ही डांडिया और गरबा उत्सव के मौके पर बजने वाले बॉलीवुड गाने भी याद आने लगते हैं। कुछ ऐसे ही गानों के बारे में आपको बताते हैं।नवरात्रि का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आता है, वैसे-वैसे दिलों में गरबा और डांडिया की धुनें गूंजने लगती हैं। यह त्यौहार मां दुर्गा की भक्ति का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ ही यह संगीत और नृत्य से भी जुड़ा हुआ है। बॉलीवुड ने हमेशा ही नवरात्रि के रंग को और भी खास बनाया है। कई फिल्मों के गाने आज भी गरबा नाइट्स और डांडिया उत्सव में बजते हैं और माहौल को रोमांचक बना देते हैं। आइए जानते हैं उन गानों के बारे में जिनके बिना नवरात्रि की रात अधूरी मानी जाती है।जब गरबा नाइट की शुरुआत करनी हो तो सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म हम दिल दे चुके सनम के 'ढोल बाजे ढोल' से बेहतर गाना शायद ही कोई हो। इस गाने की बीट्स और पारंपरिक संगीत माहौल को जोश से भर देता है। जैसे ही ढोल की थाप सुनाई देती है, लोगों के कदम खुद-ब-खुद डांस के लिए थिरक उठते हैं। नवरात्रि के उत्सव में यह गाना हमेशा ही पहली पसंद रहता है।सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो छे'

## एक साथ दिखी 'लव एंड वॉर' की जोड़ी

### फैंस बोले- रणबीर-विक्की को 'अंदाज अपना-अपना 2' में करो कास्ट



**Love And War Due Spotted: रणबीर कपूर और विक्की कौशल ने म्यूजिकल सागा मेरा देश पहले की स्क्रीनिंग के दौरान सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। दोनों ने एक साथ पैपराजी को पोज दिया।** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और विक्की कौशल हाल ही में म्यूजिकल 'मेरा देश पहले' के प्रीमियर में स्पॉट हुए। दोनों सितारे ब्लैक कलर की क्लासी आउटफिट्स में ट्विनिंग करते नजर आए और दोनों के बीच की दोस्ती ने लोगों का ध्यान खींचा।प्रीमियर के दौरान रणबीर और विक्की ने कैमरे को एक साथ पोज दिए। फॉर्मल ब्लैक सूट में दोनों ने साथ में कई पिक्चर्स क्लिक कराए। इस दौरान दोनों का फ्रेंडली अंदाज और मजाक-मस्ती भी खूब देखने को मिला। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में फैंस लगातार उनकी तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दोनों स्टार्स का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बता दें दोनों जल्द गी संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म में आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं। रणबीर-विक्की को एक साथ देखकर फैंस ने कई कमेंटस किए। एक यूजर ने लिखा- दोनों को अंदाज अपना-अपना 2 में कास्ट करो। वहीं एक और यूजर ने लिखा- दोनों में बहुत याराना लगता है।

## Durga Khote: पहली पढ़ी-लिखीं अभिनेत्री

### 26 की उम्र में हुईं विधवा; फिर फिल्मों में आकर दुर्गा ने रचा इतिहास



Durga Khote Death Anniversary: भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ चुनिंदा कलाकारों में दुर्गा खोटे का नाम लिया जाता है। आज सोमवार को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर जानेंगे उनके ऐतिहासिक सिनेमाई सफर और संघर्ष के बारे में।दुर्गा खोटे सिनेमाई दुनिया का एक ऐसा नाम थीं, जिन्होंने सिर्फ अपने अभिनय से ही नहीं, बल्कि अपने मूल्यों से भी अमिट छाप छोड़ी। उन्हें भारतीय सिनेमा की पहली पढ़ी लिखी अभिनेत्री के रूप में जाना जाता था। इसके साथ ही आज के दर्शक उन्हें 1960 की एपिक ड्रामा हिस्टोरिकल फिल्म 'मुगल-ए-आजम' से जानते हैं। इस फिल्म में दुर्गा खोटे ने सलीम की मां जोधा बाई का किरदार निभाया था। मात्र 26 साल की उम्र में विधवा हो जाने के बाद उन्होंने एक अलग पहचान बनाई। आज 22 सितंबर को दुर्गा खोटे की पुण्यतिथि है। इस खास अवसर पर जानिए उनके प्रेरणादायी जीवन के बारे में।दुर्गा खोटे का जन्म 14 जनवरी 1905 को एक ब्राह्मण परिवार में गोवा में हुआ थ

# Share Market: GST सुधार

## GST सुधार लागू होने के बावजूद गिरावट के साथ खुला बाजार, 400 अंकों का गोता लगाकर संभला सेंसेक्स



केंद्र सरकार की तरफ से जीएसटी से जुड़े सुधार आज से लागू हो गए हैं। इस बीच शेयर बाजार की दिन की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंकों का गोता लगाकर 82,151.07 पर आ गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 88.95 अंक गिरकर 25,238.10 पर पहुंच गया। हालांकि, कारोबार बढ़ने के साथ ही यह गिरावट कुछ कम हुई। सेंसेक्स 10 बजे तक अपने पिछले बंद से 100 अंक, जबकि निफ्टी 15 अंक नीचे कारोबार कर रहा था।बाजार विश्लेषकों के मुताबिक, जीएसटी में कटौती का असर शेयर मार्केट में देखने को मिलेगा। हालांकि, एच-1बी वीजा की फीस बढ़ने से बाजार में कुछ सुस्ती देखने को मिल सकती है, जो कि बाद में स्थिर हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका असर भारतीय आईटी कंपनियों के बिजनेस मॉडल पर सीधा पड़ेगा।जीयोचित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वी. के. विजयकुमार ने कहा कि आज बाजार में डुअल ट्रेंड देखने को मिलेगा। आईटी सेक्टर नकारात्मक खबर से प्रभावित होगा जबकि घरेलू खपत आधारित कंपनियां जीएसटी दरों में कटौती से सकारात्मक मूव दिखा सकती हैं।सबसे ज्यादा दबाव आईटी कंपनियों पर रहा। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयर 2.26% से 3.88% तक टूटे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1B वीजा शुल्क को एक लाख डॉलर प्रति कर्मी करने के फैसले ने आईटी सेक्टर की चिंताओं को बढ़ा दिया है।दूसरी तरफ एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं, हॉन्ग कॉन्ग का हैंग सेंग लाल निशान में रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। कच्चे तेल का वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.66% बढ़कर 67.12 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# UPI Rule Change

## अब यूपीआई से 24 घंटे में कर सकेंगे 10 लाख तक का लेनदेन,15 सितंबर से लागू





अब यूपीआई से 24 घंटे में 10 लाख तक का लेनदेन किया जा सकेगा। हालांकि, यह केवल उन संस्थाओं के लिए है, जो कर यानी टैक्स भुगतान से जुड़ी श्रेणियों में आती हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 सितंबर की आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को देखते हुए यह फैसला किया है।

**बैंक अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय कर सकेंगे** 12 अन्य श्रेणियों में भी प्रति लेनदेन और 24 घंटे में कुल लेनदेन सीमा बढ़ा दी है। बैंकों को सुनिश्चित करना होगा कि 24 घंटे की सीमा उनके पास ही रहे। निगम ने बैंकों को अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय करने की छूट भी दी है।

**व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा** यह बदलाव केवल सत्यापित व्यापारियों के साथ व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर लागू होंगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा। सभी बैंकों, एप्स व भुगतान सेवा प्रदाताओं को 15 सितंबर तक यह लागू करना होगा। **10 लाख रुपये तक होने वाले लेनदेन** पूंजी बाजार व बीमा के लिए, प्रति लेनदेन व कुल लेनदेन, दोनों की सीमा 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। अभी प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये तक सीमा थी। 15 सितंबर से सत्यापित व्यापारियों को प्रति लेनदेन 5 लाख तक भुगतान कर सकते हैं। 24 घंटे में 10 लाख रुपये तक का भुगतान भी कर सकते

# उपलब्धि

## नीतिगत स्थिरता से विदेशी निवेश का नया ग्रोथ इंजन बन सकता है भारत, फाइनेंशियल टाइम्स का आकलन



जीएसटी, दिवालिया कानून और डिजिटल इंडिया जैसे सुधारों की विदेशी निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत ने डिजिटल भुगतान और यूपीआई के जरिये विदेशी निवेशकों को दिखाया है कि वह तकनीकी बदलावों को बड़े पैमाने पर लागू करने की क्षमता रखता हैवैश्विक जीडीपी की सुस्त रफ्तार और चीन पर बढ़ती भू-राजनीतिक आशंकाओं के बीच भारत विदेशी निवेशकों के लिए नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट और विश्लेषणों में भारत को एशिया का निवेश चुंबक बताया गया है। अखबार का कहना है कि अगर नीतिगत स्थिरता और पारदर्शिता कायम रखी जाए, तो भारत विदेशी निवेश का नया ग्रोथ इंजन बन सकता है।भारत की विकास दर अगले पांच वर्षों तक वैश्विक औसत से अधिक रहेगी। युवा आबादी और मजबूत उपभोक्ता बाजार भारत की सबसे बड़ी पूंजी हैं। फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा, भारत का डेमोग्राफिक डिविडेंड निवेशकों के लिए वह आधार है, जो चीन में घट रहा है। चीन में लागत बढ़ने, अमेरिकी दबाव और भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते वैश्विक

# IT Stocks Crashed:


## ट्रंप की H-1B Visa Policy से कोहराम, बाजार खुलते ही बिखर गए TCS, Infosys जैसे शेयर



IT Stocks Crashed: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार द्वारा एच-1बी वीजा (H-1B Visa Policy) की फीस में भारी-भरकम वृद्धि का आज बाजार में असर दिख रहा है. इसके चलते TCS, Infosys समेत सारे आईटी शेयर लुढ़के हुए हैं...IT Stocks Crashed: ट्रंप की नई वीजा नीति (Trump Visa Policy) के चलते भारतीय शेयर बाजार में आज खुलते ही आईटी क्षेत्र में कोहराम मच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुक्रवार को एच-1बी वीजा की एकमुश्त फीस को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपए) करने की घोषणा ने आईटी दिग्गजों के शेयरों को जोरदार झटका दिया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और कोफोर्ज जैसे प्रमुख कंपनियों के शेयरों में सुबह के सौदों में 6 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी आईटी इंडेक्स (Nifty IT Index) 3 फीसदी से अधिक लुढ़ककर 35,482 अंक के स्तर पर आ गया।टेक महिंद्रा के शेयर (Tech Mahindra Share Price) ने 5 फीसदी से अधिक गिरकर दिन का निचला स्तर 1,453 रुपए को छू दिया, जबकि इंफोसिस (Infosys) और टीसीएस (TCS) के शेयर एनएसई पर क्रमशः 1,482 रुपए और 3,065 रुपए पर आ गए. एचसीएल टेक (1,415 रुपये), कोफोर्ज (1,702 रुपये) और एमफेसिस (2,817 रुपये) में भी 3-3 फीसदी से अधिक की कमी देखी गई। यह गिरावट ऐसे समय आई, जब आईटी क्षेत्र वैश्विक मांग में सुधार के संकेतों से उबर रहा था, लेकिन ट्रंप की नीति ने वापस अनिश्चितता पैदा कर दी।दरअसल भारतीय आईटी कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार काफी महत्वपूर्ण है. इन कंपनियों को सबसे अधिक राजस्व अमेरिकी बाजार से प्राप्त होता है। कंपनियां अपने कर्मचारियों को अमेरिकी बाजार में ऑनसाइट काम पर भेजती हैं, जिसके लिए एच-1बी वीजा जरूरी हो जाता है. ट्रंप ने अब एक झटके में इस वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दिया है। इस शुल्क का भुगतान कंपनियों को करना होगा. यह नया नियम रविवार से लागू हो गया है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है

# Gold Silver Price


## कमजोर मांग के कारण सोना 600 रुपये गिरकर 113200 रुपये पर, चांदी 300 रुपये चढ़ी



Gold Silver Price: कारोबारी मांग में कमी आने के कारण दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 600 रुपये घटकर 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बुधवार की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में भी सुधार आया और यह 300 रुपये बढ़कर 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।कारोबारी मांग में कमी आने के कारण दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 600 रुपये घटकर 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 500 रुपए घटकर 1,12,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,13,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।दूसरी ओर, बुधवार की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में भी सुधार आया और यह 300 रुपये बढ़कर 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,670 रुपये गिरकर 1,31,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई थी। विदेशी बाजार में, हाजिर सोना 0.23 प्रतिशत बढ़कर 3,668.33 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो बुधवार को 3,707.70 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। हाजिर चांदी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 41.90 डॉलर प्रति औंस


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS
हर खबर सच के साथ
INDIA
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612

# Asia Cup Controversy

## नकवी की नाक बचाने के लिए और कितने बहाने बनाएगा पाकिस्तान? ICC ने फिर खोली पीसीबी की पोल



इस विवाद में अब एक तरफ पीसीबी के झूठे दावे हैं तो दूसरी तरफ आईसीसी का क्लीन चिट। फिलहाल मामला और उलझता दिख रहा है क्योंकि पाकिस्तान इसे कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन बता रहा है जबकि आईसीसी इसे सिर्फ 'मिसकम्युनिकेशन' मान रहा है।एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हुए हैंडशेक विवाद पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने बुधवार को बड़ा दावा किया है। पीसीबी का कहना है कि आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट और कप्तान से माफी मांगी है। इसके साथ ही पीसीबी ने यह भी कहा कि आईसीसी मामले की जांच के लिए तैयार है। हालांकि, अब आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों की फिर से पोल खोल दी है। आईसीसी ने पीसीबी के इन दावों पर करारा जवाब दिया है।बुधवार को पाकिस्तान टीम ने यूएई के खिलाफ मुकाबले के लिए होटल से स्टेडियम जाने में देरी की। टीम का विरोध इस बात को लेकर था कि आईसीसी ने पायक्रॉफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया था। इससे उनकी दोहरी फजीहत हो गई थी। टीम स्टेडियम पहुंची, लेकिन देरी से और फिर मैच भी खेला। पीसीबी ने पायक्रॉफ्ट को एशिया कप से बाहर करने की मांग की थी, फिर उसने पाकिस्तान-यूएई मैच से उन्हें हटाने की मांग की, लेकिन आईसीसी ने दोनों मांगें ठुकरा दीं। पाकिस्तान ने फिर टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की गीदड़भभकी भी दी थी, लेकिन पैसे के दबाव में ऐसा नहीं कर पाया। हालांकि, तमाम नौटंकी के बाद एक माफी से पीसीबी का काम चल गया।पीसीबी ने बुधवार को 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर बयान जारी करते हुए लिखा, 'आईसीसी के विवादास्पद मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है। पायक्रॉफ्ट ने 14 सितंबर को हुए भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हैंडशेक से रोका था। पायक्रॉफ्ट ने भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों को हाथ मिलाने से मना किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पायक्रॉफ्ट की हरकत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।' पीसीबी ने अपने बयान में यह भी दावा किया कि आईसीसी इस मामले में जांच करने को तैयार है। पीसीबी ने कहा, 'आईसीसी ने 14 सितंबर के मैच के दौरान हुए कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन की जांच करने की सहमति जताई है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पहले ही साफ कर चुके हैं कि हैंडशेक से परहेज का फैसला पूरी टीम का था। उन्होंने कहा था, 'यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उठाया गया था।' इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी।

## PAK vs UAE: भारत के बाद पाकिस्तान टीम भी सुपर-4 में पहुंची

### यूएई और ओमान का सफर समाप्त; पढ़िये मैच रिपोर्ट



पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 41 रन से हराकर एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया। बुधवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में यूएई की टीम 17.4 ओवर में सिर्फ 105 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई।पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 41 रन से हराकर एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया। बुधवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में यूएई की टीम 17.4 ओवर में सिर्फ 105 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और अबरार अहमद को दो-दो विकेट मिले। वहीं, सैम अयूब और सलमान आगा ने एक-एक सफलता अपने नाम की। ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान की टीमों ने सुपर-4 में प्रवेश कर लिया। भारत ने अपने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की और चार अंक व +4.793 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है। अब टीम का ग्रुप चरण में तीसरा मुकाबला 19 सितंबर को ओमान से होना है। वहीं, पाकिस्तान की टीम ने अपने तीनों मुकाबले खेल लिए। पहले मैच में उसने ओमान को 93 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। हालांकि, भारत के हाथों रविवार यानी 14 सितंबर को उसे मुंह की खानी पड़ी। तीसरे मैच में वापसी करते हुए पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया और चार अंक व +1.790 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर रही। यूएई और ओमान की टीमें क्रमश: तीसरे और चौथे पायदान पर रहीं। करो या मरो मुकाबले में पाकिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। साहिबजादा फरहान और सैम अयूब की सलामी जोड़ी महज नौ रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद मोर्चा फखर जमां ने संभाला। उन्होंने 36 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाए और इस मैच में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। वहीं, छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।

## Asia Cup: पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं

### राजमार्गों को भू-स्थानिक डाटा में अपडेट करना जरूरी', RGI का राज्यों को निर्देश



Census: भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त ने जनगणना-2027 की तैयारी के तहत सभी प्राकृतिक और प्रशासनिक सीमाओं को मानचित्रों में अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी क्षेत्र की गणना में चूक न हो। जनगणना 16 वर्षों बाद दो चरणों में होगी, जिसमें जातिगत गणना भी शामिल रहेगी।भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) ने अपने सभी निदेशालयों को निदेशालयों को निर्देश जारी किए हैं कि देश में जनगणना के दौरान भौगोलिक क्षेत्र की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए नदी, वन जैसी सभी प्राकृतिक विशेषताओं, परिवहन मार्गों (राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग एवं रेल पटरियां) को मानचित्र विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए भू-स्थानिक डाटा में अपडेट करना अनिवार्य है। आजीआई ने कहा कि प्रशासनिक सीमाओं से जुड़े मौजूदा भू-स्थानिक डाटा को भी अपडेट करना जरूरी है, ताकि जनगणना के दौरान कोई भी क्षेत्र न छूटे या दोहराव न हो। अपने सभी कार्यालयों को जारी एक सरकारी आदेश में आरजीआई मृत्युंजन कुमार नारायण ने कहा, नदियां, नाले,आरक्षित वन जैसी सभी प्राकृतिक विशेषताओं को मानचित्र विभाग की ओर से दिए गए भू-स्थानिक आंकड़ों को सही तरीके से अपडेट करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ-साथ रेल लाइनों (ब्रॉड गेज और मीटर गेज) जैसी परिवहन सुविधाओं को भी नवीनतम जानकारी के आधार पर सावधानीपूर्वक अपडेट किया जाना चाहिए।आरजीआई ने कहा, यह जनगणना की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है और राज्यों, जिलों, उप-जिलों, शहरों, वार्डों और गांवों की मौजूदा सीमाओं के अनुसार प्रशासनिक सीमाओं को अपडेट करना जरूरी है। इसका मकसद जनगणना के दौरान देश के हर कोने को कवर करना है।आदेश में बताया गया कि ये अपडेट किया हुआ डाटा डिजिटल फ्रेमवर्क के रूप में इस्तेमाल होगा, जिससे घरों की सूची के खंड बनाए जाएंगे। इसमें कहा गया, डिजिटल जनगणना के लिए अपडेट की गई प्रशासनिक सीमाएं बेहद जरूरी हैं, जिससे क्षेत्रीय कार्यों और जनगणना कवरेज की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। आरजीआई ने बताया कि इन मानचित्रों का उपयोग हर गांव और शहर (वार्ड सहित) की पुष्टि के लिए किया जाएगा कि वे किस उप-जिला या शहरी निकाय में आते हैं। सभी अपडेट एक जनवरी 2010 के बाद हुए प्रशासनिक बदलावों को कवर करेंगे,

## Asia Cup:

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर गांगुली का टिप्पणी से इनकार, बोले- आतंकवाद खत्म हो



भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों की तल्खी क्रिकेट के मैदान पर भी देखने मिली जब एशिया कप के मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। अब इस मामले को लेकर सौरव गांगुली ने टिप्पणी से इनकार कर दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज गांगुली का कहना है कि ना सिर्फ भारत और पाकिस्तान बल्कि दुनिया में हर जगह से आतंकवाद खत्म होना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों की तल्खी क्रिकेट के मैदान पर भी देखने मिली जब एशिया कप के मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया।भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से धूल चटाई। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों को तवज्जो नहीं दी और मैच खत्म होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे सीधे पवेलियन लौट गए। दुबे सीधे पवेलियन लौट गए।